# *प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-*
# *(पत्रांक-244/2025 दिनांक 01.09.2025)*
# *दिनांक-01.09.2025 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-*

**पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार रुपये के ईनामिया दो बदमाश असलम एवं जुल्फीकार को लगी गोली, हुये घायल। छेड़खानी, छिटाकशी, लव जिहाद में थे सम्मिलित।**

जनपद कुशीनगर में  पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार रुपये के ईनामिया दो बदमाश 1.जुल्फीकार पुत्र इसहाक निवासी मोरवन बड़का टोला थाना रामकोला जनपद कुशीनगर 2. असलम पुत्र मेधु निवासी मोरवन बड़का टोला थाना रामकोला जनपद कुशीनगर को गोली लगी है दोनों घायल हुये है। दोनों बदमाश स्कूल, कालेज के बाहर छेड़खानी करना, छिटाकशी करना, कलावा पहनकर लव जिहाद की घटना करने में सम्मिलित थे। शिकायत मिलने पर इनके विरुद्ध थाना रामकोला पर मु0अ0सं0-371/2025 धारा 74,78,296,351(3) BNS पंजीकृत किया गया था। इस घटना में कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा चार पुलिस टीमों का गठन किया गया था। आज दिनांक 01.09.2025 को पुलिस टीम द्वारा थाना रामकोला क्षेत्रान्तर्गत कुसुमहा पुलिया के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल आते दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीमों द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन पर सवार व्यक्तियों द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें दोनों को गोली लगी और दोनो घायल हो गये । मौके/कब्जे से 02 अदद अवैध तमन्चा .315 बोर मय 05 अदद जिन्दा कारतूस, 02 अदद खोखा कारतूस, एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल व 1100/- रुपया नगद बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछ-ताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि ये लोग स्कूल-कॉलेजों के बाहर लड़कियों से छेड़खानी, छींटाकशी करने व कलावा पहनकर लवजिहाद करने की घटना में सम्मिलित थे। ये लोग छुट्टी के वक्त स्कूल-कॉलेज के

Edit with WPS Office

आस-पास इसी आशय से घूमा करते थे।

**पंजीकृत अभियोग-**
मु0अ0सं0-371/2025 धारा 74,78,296,351(3) BNS बढ़ोत्तरी धारा 111 (2)(B), 317(2),346,109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना रामकोला जनपद कुशीनगर

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त-**
1.जुल्फीकार पुत्र इसहाक निवासी मोरवन बड़का टोला थाना रामकोला जनपद कुशीनगर
2.असलम पुत्र मेधु निवासी मोरवन बड़का टोला थाना रामकोला जनपद कुशीनगर

**विवरण बरामदगी:-**
1.02 अदद अवैध तमन्चा .315 बोर
2.05 अदद जिन्दा कारतूस
3.02 अदद खोखा कारतूस,
4.बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल
5.1100/- रुपया नगद

**बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:-**
1.प्रभारी निरीक्षक श्री राज प्रकाश सिंह थाना रामकोला जनपद कुशीनगर मय टीम
2.प्रभारी निरीक्षक श्री अमित कुमार शर्मा थाना कसया जनपद कुशीनगर मय टीम
3.प्रभारी निरीक्षक श्री गिरिजेश उपाध्याय थाना खड्डा जनपद कुशीनगर मय टीम
4.प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्रभूषण प्रजापति थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर मय टीम
5.निरीक्षक आशुतोष सिंह प्रभारी स्वाट टीम जनपद कुशीनगर मय टीम
6.निरीक्षक मनोज कुमार पन्त साइबर सेल जनपद कुशीनगर मय टीम
7.थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर मय टीम

***शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-***
जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 53 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

Edit with WPS Office

*कार्यवाही एक नजर में=*
1- मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-00, ई-चालान-40 वाहन
2- 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0-43, व्यक्ति-116
3- वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(02)
4- जनपद में कुल गिरफ्तारी–(कुल-55)

*सोशल मीडिया सेल*
*जनपद कुशीनगर*

Edit with WPS Office